शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र./रा.शि.के./मूल्यांकन/SEAS/2023/7073 भोपाल,दिनांक 25/09/2023

## परिपत्र क्र.–3

प्रति,

कलेक्टर,
समस्त जिले म.प्र.

**विषय– स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे (SEAS) की तैयारियां, म.प्र. शासन से अनुदान प्राप्त शालाओं (Govt. Aided), गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं (Unaided Private School) एवं केन्द्रीय/नवोदय विद्यालयों में भी कराने विषयक।**

**संदर्भ–** 1. राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र./रा.शि.के./SEAS/2023/6510, दिनांक 22.08.2023
2. राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र./रा.शि.के./SEAS/2023/6784, दिनांक 08.09.2023
3. एन.सी.ई.आर.टी. का पत्र क्र./F.No. 31-6/PARAKH/ESD/2023-024, दिनांक 20.09.2023

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के अनुक्रम में **दिनांक 3 नवंबर 2023** को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के अनुसार समस्त जिलों की चयनित शालाओं की कक्षा 3, 6 एवं 9 में स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे (SEAS) 2023 का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया जाना है। सर्वे–परिणाम के आधार पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी और सुधार हेतु नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे। भारत शासन द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता पर लिया गया है।

कृपया विदित हों कि एन.सी.ई.आर.टी. से प्राप्त संदर्भित पत्र क्र. 3 अनुसार सर्वे हेतु पूर्व में निर्धारित कक्षाओं में परिवर्तन किया गया है। (एन.सी.ई.आर.टी. से प्राप्त पत्र संलग्न)

विदित हों कि भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार इस सर्वे में जिले की शासकीय शालाओं के साथ ही म.प्र. शासन से अनुदान प्राप्त शालाओं (Govt. Aided), **गैर अनुदान** प्राप्त अशासकीय शालाओं (Unaided Private School) केन्दीय/नवोदय विद्यालयों को भी सेंपल शालाओं के रूप में चयनित किया जाएगा, अतः जिले के इन विद्यालयों में भी SEAS संबंधी तैयारियां किया जाना आवश्यक होगा। इन विद्यालयों के प्राचार्यों को भी SEAS के प्रति जागरूक व संवेदित करने हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करने एवं राज्य शिक्षा केन्द्र से भेजे गये NAS अभ्यास प्रश्नबैंक, साप्ताहिक अभ्यास टेस्ट पेपर एवं मॉक टेस्ट की सॉफ्टकॉपी भेजकर तैयारी कराई जाए।

जिलों की शासकीय शालाओं में SEAS की तैयारी हेतु निम्नलिखित कार्यवाही की जा रही है–

- राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे 2021 की तैयारी हेतु विगत वर्ष प्रेषित अभ्यास प्रश्न बैंक की हार्डकॉपी प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में उपलब्ध है एवं साफ्टकॉपी पुनः भेजी गई है, जिससे बच्चों की उत्तरपुस्तिकाओं एवं श्यामपट्ट पर अभ्यास कराया जा रहा है।
- ओलिम्पियाड 2023 की तैयारी हेतु "ओलिम्पियाड अभ्यास प्रश्नबैंक" की हार्डकॉपी प्रत्येक शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं को भेजकर बच्चों की तैयारी कराने हेतु निर्देशित किया गया है।
- साप्ताहिक अभ्यास टेस्ट पेपर–1, 2, 3, 4, 5, 6 ,7, 8, 9 एवं मॉक टेस्ट क्र–1, 2 एवं 3 की साफ्टकॉपी जिलों को प्रदाय की गई है, इसे शिक्षकों के व्हाट्स एप ग्रुप में भेजकर प्रत्येक शिक्षक तक साझा किया जाना है।
- कक्षा 3 में FLN व कक्षा 6 में हिन्दी, गणित, पर्यावरण अध्ययन का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र के विषय विशेषज्ञों द्वारा यू–ट्यूब लाईव के माध्यम से उन्मुखीकरण कर सर्वे में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति के बारे में समझाया गया है।
- सर्वे की पूर्व तैयारियों के दृष्टिगत जिले में डिस्ट्रिक्ट SEAS कार्डिनेटर्स एवं ब्लॉक कार्डिनेटर्स को नामांकित किया जाकर शालाओं में की जा रही तैयारियों में सहयोग एवं मॉनीटरिंग हेतु निर्देश दिए गए हैं।
- SEAS – 2023 को ध्यान में रखते हुए Swiftchat App के 'स्वयं सिद्धि' चैटबॉट पर कक्षा 3 व 6 के विद्यार्थियों के लिए अभ्यास प्रश्नोत्तरी/क्विज 23 सितंबर 2023 से आरंभ हो रही है जिसमें प्रति सप्ताह कक्षा 3 व 6 के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी, गणित, पर्यावरण अध्ययन की प्रश्नोत्तरी वाट्स एप के माध्यम से भेजी जाएगी, जिसमें हर विषय के 10 सवाल होंगे। छात्रों द्वारा उनको हल कराना सुनिश्चित किया जाए।

दिनांक 03 नवंबर 2023 को आयोजित सर्वे में छात्रों की क्षमता के अधिकतम प्रदर्शन के लिए उनके द्वारा प्रश्नों का अभ्यास आवश्यक होगा। आपके नेतृत्व में जिले द्वारा निम्नानुसार कार्य संपादन किया जाना अपेक्षित है –

- सभी स्तर पर SEAS के बारे में जागरूकता का वातावरण निर्मित हो।
- डाईट प्राचार्य एवं डी.पी.सी. के द्वारा फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के चयन (निर्धारित संख्या में) कार्य की समीक्षा की जाए।
- शिक्षकों द्वारा कक्षा 3 व 6 के क्रमशः हिन्दी, गणित, पर्यावरण, विषय के कक्षावार–विषयवार लर्निंग आउटकम्स की मैपिंग पाठ्यपुस्तकों से की जाए।
- राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे (NAS 2017 एवं 2021) में सम्मिलित किए गए लर्निंग आउटकम्स एवं विभिन्न लर्निंग आउटकम्स पर विशेषकर कमजोर लर्निंग आउटकम्स पर शिक्षकों की समझ विकसित करने

के लिए डाईट के द्वारा कक्षा 3 व 6 में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम, यू–ट्यूब लाईव आदि कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं।

- विद्यालय के बच्चों द्वारा अभ्यास प्रश्नों को हल करने में आ रही कठिनाईयों का शिक्षकों द्वारा निराकरण एवं त्रुटि सुधार संबंधी कार्य की सतत व सघन मॉनीटरिंग डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर, ब्लॉक कार्डिनेटर, डाईट प्राचार्य व डाईट फैकल्टी, ए.पी.सी. अकादमिक द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया जाए एवं मॉनीटरिंग के दौरान मॉनीटरकर्ता अधिकारियों के द्वारा शिक्षकों को ऑनसाईड सपोर्ट दिया जाए।
- जिले अंतर्गत विद्यालयों के शिक्षकों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से SEAS संबंधी आवश्यक सपोर्ट सिस्टम विकसित किया जाए।
- जिले के प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में NAS अभ्यास प्रश्नबैंक, ओलम्पियाड अभ्यास प्रश्नबैंक, अभ्यास टेस्ट पेपर से बच्चों द्वारा अभ्यास कार्य किए जाने की समीक्षा की जाए।
- राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे 2017 एवं 2021 के लो परफार्मिंग लर्निंग आउटकम्स पर डाईट फैकल्टी के माध्यम से/जिले के विषय विशेषज्ञों के माध्यम से अच्छी क्वालिटी के एक–दो मिनट के वीडियो बनवाकर सभी शिक्षकों के साथ शेयरिंग किया जाना, शिक्षकों द्वारा उनके लाभान्वित होने तथा जिले की बेस्ट प्रैक्टिस समस्त शिक्षकों के साथ साझा किया जाना सुनिश्चित करावें।
- कक्षा शिक्षण के दौरान लर्निंग आउटकम्स पर आधारित विषय/अवधारणा/पाठों को पढ़ाया जाना, लर्निंग आउटकम पर आधारित वर्कशीट/अभ्यास प्रश्न छात्रों से हल कराये जाने तत्पश्चात् छात्रों की शंका समाधान एवं कठिनाईयों का निराकरण कर उनको मार्गदर्शन दिया जाना सुनिश्चित कराएं। इस हेतु सर्वसंबंधित अधिकारियों को सतत मॉनीटरिंग एवं सपोर्ट हेतु निर्देशित करें।
- राज्य स्तर से भेजी गई सामग्री के अलावा जिला स्तर पर डाईट के माध्यम से नवीन प्रश्नों का निर्माण कर शिक्षकों एवं बच्चों को उपलब्ध कर हल कराया जावे।
- लर्निंग आउटकम्स का अधिक से अधिक अभ्यास कराने हेतु शिक्षकों को प्रेरित करना।
- डाईट ब्लॉक प्रभारी द्वारा कक्षा 3 एवं 6 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को शालाओं में जाकर मार्गदर्शन एवं सपोर्ट प्रदाय किया जाना सुनिश्चित हो।
- राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा rskmp.in पोर्टल पर SAS, NMMS, ओलिम्पियाड एवं कक्षा 5वीं, 8वीं आयटम एनालिसिस इत्यादि पर विश्लेषणात्मक (Analytical) डेशबोर्ड निर्मित किया गया है। इसका उपयोग SEAS की तैयारी के लिए किए जाने के संबंध में सभी स्तर पर मार्गदर्शन डाईट द्वारा किया जाए।

जिला स्तरीय बैठकों में सर्वे संबंधी की जा रही तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाए ताकि आपके नेतृत्व में जिले के छात्रों का अधिगम स्तर का प्रदर्शन बेहतर हो सके। उपरोक्तानुसार सर्वे की

तैयारियां शासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं, गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं, केन्दीय/नवोदय विद्यालयों में कराने हेतु जिले के संबंधित अधिकारियों एवं संस्था प्रमुख को निर्देशित करने का अनुरोध है।

संलग्न : NCERT से प्राप्त संदर्भित पत्र क्र. 3

**(धनराजू एस)**
**संचालक**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

पृ.क्र./रा.शि.के./मूल्यांकन/SEAS/2023/7074 भोपाल,दिनांक 25/9/2023

**प्रतिलिपि :-**

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, भोपाल मध्यप्रदेश।
4. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर, भोपाल मध्यप्रदेश।
5. आयुक्त, आदिवासी विकास, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
6. आयुक्त, जनसंपर्क, मध्यप्रदेश, भोपाल।
7. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले मध्यप्रदेश।
8. संचालक, मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल, भोपाल, मध्यप्रदेश।
9. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश।
10. सचिव, मदरसा बोर्ड, मध्यप्रदेश।
11. प्राचार्य आई.ए.एस.ई. व सी.टी.ई. समस्त मध्यप्रदेश।
12. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, समस्त म.प्र. सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
13. प्राचार्य, डाइट, समस्त म.प्र.।
14. जिला परियोजना समन्वयक, समस्त म.प्र. सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
15. समस्त प्राचार्य, संकुल केन्द्र (हाईस्कूल/हायरसेकण्डरी स्कूल), मध्यप्रदेश।
16. समस्त बी.आर.सी. को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
17. म.प्र. एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

**संचालक**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्

विद्यया ऽ मृतमश्नुते

एन सी ई आर टी
NCERT

NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL
RESEARCH AND TRAINING

F. No. 31-6/PARAKH/ESD/2023-24
NATIONAL ASSESSMENT CENTRE
PARAKH

Dr. Indrani Bhaduri
Professor & Head, PARAKH

E-mail Id.: nasncert2022@gmail.com
Dated: 20th September, 2023

To
The Directors SCERT/Principals SIEs/SPDs Samagra Shiksha
All States and Union Territories of India

Subject: Important Updates Regarding State Educational Achievement Survey - PARAKH

Dear Madam/Sir,

This is to communicate to all States and Union Territories about significant changes to the Grade Level Adjustments for the upcoming State Educational Achievement Survey - PARAKH. These changes have been implemented based on insights gathered during workshops conducted at the State Institute of Education (SIE) situated in Shiksha Sadan, Port Blair, Andaman and Nicobar Islands, on August 21-22 and August 24-25, 2023.

In light of the challenges faced by several states and Union Territories in meeting the deadline for achieving grade-specific learning outcomes by the end of October, considering that the survey is scheduled for **November 3, 2023**, PARAKH, NCERT have collaborated with the Ministry of Education, to implement changes. It is decided to introduce state-level survey at the end of the foundational stage, preparatory stage, and middle stage, namely **Grades 3, 6, and 9**. Each of these grades will encompass learning outcomes from the respective stages.

PARAKH, NCERT, is currently working on the translation of the assessment tools. The translation of test booklets from English, the source language, into 20 regional languages (the medium of instruction) and the subsequent forward translation will be completed by September 30th. Furthermore, the training of Master Trainers (SLC/DLC) and the subsequent training of Block Coordinators and Field Investigators (FIs) by individual states/UTs will be concluded by the mid of October 2023.

The printing of OMR sheets and assessment tools, as well as the packing and dispatch of these materials to the Resource Custody Center (RCC) for distribution to sampled schools at the block level by respective SPDs/SCERTs/SIEs, is planned for the month of October. The test administration is scheduled to take place on November 3rd, 2023.

It is requested that all states and Union Territories adjust their planning accordingly to accommodate this new grade structure and time-line, ensuring a smooth implementation. Furthermore, we urge all states and Union Territories to utilize any available funds from Samagra Shiksha and/or SCERT for implementing the survey, thus ensuring the successful execution of the state-level PARAKH.
Please find attached the time-line and operational guideline & training manual.

We look forward to a successful collaboration in this endeavor.

Thanks and Regards,

इन्द्राणी 20.9.23

(Indrani S Bhaduri)

श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली-110016
दूरभाष : 26560620, 26566360 फैक्स : 91-11-26868419
तार : शिक्षाशोध

SRI AUROBINDO MARG, NEW DELHI-110016
PHONE : 26560620, 26566360 FAX : 91-11-26868419
GRAMS : EDUSEARCH